

# जनसुनवाई : पेंशन, अतिक्रमण, बैंक विवाद के आए मामले

- कलेक्टर ने समझा आम जनता का दर्द, तहसील तक के लोग पहुंचे





**उज्जैन।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जीरो टॉलरेंस की नीति पर लगातार कार्य कर रहे हैं, साथ ही उन्होंने सभी जिला कलेक्टरों को भी निर्देशित किया है कि आम जनता की समस्या सुनना है उनका समाधान भी करना है।

सीएम ने कलेक्टर के लिए निर्देश भी दिए हैं कि शहर ही नहीं बल्कि गांव के लोगों का दर्द समझने के लिए एक रात गांव में भी बिताना है। इसी तारतम्य में उज्जैन कलेक्टर रोशन कुमार सिंह ने जनसुनवाई में आए लोगो की समस्या सुनी। कलेक्टर सिंह ने कलेक्टर कार्यालय के प्रशासनिक संकुल में आयोजित जनसुनवाई में आमजन की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। गायत्री नगर तराना रोड निवासी सावित्री परिहार की बंद पेंशन का मामला सामने आया। जांच में ई-केवाईसी अपडेट न होने की वजह सामने आई, जिसे तुरंत दुरुस्त कराया गया। उन्हें आश्वस्त किया गया कि अगले माह से पेंशन फिर शुरू हो जाएगी।



### अवैध निर्माण की शिकायत-धमकी दी

बड़नगर के ग्राम सरसाना में शासकीय भूमि और तालाब पर अवैध निर्माण की शिकायत पर एसडीएम को जांच और कार्रवाई के निर्देश दिए गए। वहीं आजाद नगर निवासी प्रिंस अरोड़ा की बैंक द्वारा लगाए गए अतिरिक्त चार्ज की शिकायत पर एलडीएम को जांच के निर्देश दिए गए। नागदा के ग्राम पाडलिया कलां में खेतों तक जाने वाले पारंपरिक रास्ते को अवरुद्ध किए जाने और धमकी देने की शिकायत पर तहसीलदार को तत्काल कार्रवाई के लिए कहा गया। जनसुनवाई में जिला पंचायत सीईओ श्रेयांस कुमट, एडीएम अतेंद्र सिंह गुर्जर सहित अन्य अधिकारियों ने भी विभिन्न प्रकरणों की सुनवाई कर निराकरण की प्रक्रिया आगे बढ़ाई।

### गांव में जल्द रात बिताएंगे कलेक्टर

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश अनुसार समस्याओं का समाधान करने के लिए गांव के लोगों से बातचीत करना है उनके दर्द को बांटना है। किसानों लेकर आम लोग जो गांव में निवासरत है उनकी दिनचर्या से लेकर उनके कामकाज को समझना है ऐसे में प्रदेश के सभी कलेक्टर रात में गांव बिताने पहुंचेंगे उज्जैन कलेक्टर रोशन कुमार सिंह भी जल्द ही ग्रामीण क्षेत्र में रात बिताने जाएंगे।

# इंदौर रोड पर विवाद देख रहे युवक पर हमला

**उज्जैन।** रास्ते में हो रहे विवाद के बीच से निकल कर देखने के लिए रुके बाइक सवार युवक पर पीछे से अज्ञात लोगों ने लाठियों से हमला कर दिया। सिर में चोट लगने पर युवक गंभीर रूप से घायल हुआ है।

शास्त्रीनगर में रहने वाला नीरज पिता पूनमचंद पाटीदार 34 साल रात में पंथपिपलई शादी में शामिल होने गया था। जहां से देर रात बाइक से वापस लौट रहा था। शनि मंदिर के समीप सड़क पर कुछ लोगों का विवाद हो रहा था। नीरज अपनी बाइक लेकर वहां से निकला और रुक कर देखने लगा। उसी दौरान विवाद करने वाले अज्ञात लोगों ने पीछे से नीरज पर लाठियों से हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल हुआ नीरज गिर पड़ा। हमला करने वाले मौके से भाग निकले। लोगों की मदद से घायल नीरज को अस्पताल पहुंचाया गया। मामले में घायल युवक की जानकारी नानाखेड़ा थाना पुलिस को मिली तो बयान दर्ज किए गए। वहीं अज्ञात लोगों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया।

### उण्डासा में विवाद के बाद महिला को मारी ईंट

विवाद के एक अन्य मामले में उण्डासा की रहने वाली कृष्णाबाई पति धर्मेन्द्र चंदेल पर पड़ोस में रहने वाले वीरा, उसकी बहन बुलबुल और मां ने ईंट से हमला कर दिया। कृष्णाबाई ने बताया कि दिन में बच्चों के बीच विवाद हुआ था। शाम को पति के आने पर वीरा के परिवार को समझाने पहुंचे थे। उस वक्त मामला शांत हो गया था। कुछ देर बाद वीरा अपनी बहन और मां के साथ उनके घर आया और हमला कर दिया।

## एक नजर में



### सीएम से मिला गायत्री परिवार, मिला आश्वासन

**उज्जैन।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से उनके भोपाल स्थित निवास पर गायत्री परिवार के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। इस दौरान परिजनों ने गायत्री मंत्र उच्चारण के साथ मुख्यमंत्री को शाल एवं विचारपरक साहित्य भेंट कर सम्मानित किया। मुलाकात का मुख्य उद्देश्य आओ गढ़ें संस्कारवान पीढ़ी अभियान के अंतर्गत गर्भवती माताओं और नवजात शिशुओं के संस्कार निर्माण के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग तथा अस्पतालों का सहयोग सुनिश्चित करना था। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री से अनुरोध किया कि इस अभियान के जमीनी स्तर पर प्रभावी क्रियान्वयन के लिए संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश जारी किए जाएं। इस प्रतिनिधिमंडल में अभियान की उप जोन जिला समन्वयक उर्मिला प्रहलाद सिंह तोमर, उप जोन समन्वयक प्रभाकर सोनोने सहित अन्य गायत्री परिजन उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रतिनिधिमंडल के सुझावों को गंभीरता से सुना और इस दिशा में शीघ्र सकारात्मक कदम उठाने का आश्वासन दिया। उन्होंने समाज के समग्र विकास में संस्कारवान पीढ़ी के निर्माण को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए गायत्री परिवार के इन सार्थक प्रयासों की सराहना की।




### उज्जैन की टीम आज भुवनेश्वर होगी रवाना

**उज्जैन।** भुवनेश्वर में 28 अप्रैल से 4 मई तक आयोजित होने वाली नेशनल जिम्नास्टिक प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए उज्जैन की टीम 22 अप्रैल को रवाना होगी। यह राष्ट्रीय स्पर्धा सीनियर और जूनियर बालक एवं बालिका वर्ग में आयोजित की जा रही है। इसकी जानकारी जिम्नास्टिक एसोसिएशन के सचिव ओपी शर्मा द्वारा दी गई। प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग में उज्जैन के विशाल दायमा भाग लेंगे। वहीं अंडर 17 वर्ग में प्रतीक साहू, अथर्व डोडिया, अनुराग डांगी और चित्रांशी लछेटा शहर का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस अहम स्पर्धा में टीम के साथ कोच नरेंद्र श्रीवास्तव और जीएफआई द्वारा निर्वाचित जज आरएल वर्मा भी भुवनेश्वर जाएंगे। शहर के खिलाड़ियों के राष्ट्रीय स्तर पर चयन और प्रस्थान के अवसर पर खेल प्रेमियों और पदाधिकारियों ने हर्ष व्यक्त किया है। जिम्नास्टिक एसोसिएशन के अध्यक्ष सावन बजाज, संरक्षक नारायण यादव, संरक्षक कलावती यादव, शासकीय कालिदास कन्या महाविद्यालय की प्राचार्य वंदना गुप्ता, डॉ. महेंद्र जैन, एमजी सुपेकर, मनोहर शर्मा, जयंत गिरी और विजय झाला ने सभी खिलाड़ियों को प्रतियोगिता के लिए बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### डॉ. अवधेशानंद गिरी महाराज का स्वागत

**उज्जैन।** देवी अहिल्या की नगरी इंदौर में पधारे भारत माता मंदिर के प्रमुख एवं जूना अखाड़ा के आचार्य महामण्डलेश्वर स्वामी डॉ. अवधेशानंद गिरी महाराज से उज्जैन से गये बोहरा समाज के हाजी मुल्ला क़ुतुब फातेमी, ख़ोज़ेमा प्रेस वाला एवं ताहिरअली नागपुरवाला ने हवाई अड्डे पर शाल ओढ़ाकर एवं मोती की माला पहनाकर इस्तक़बाल किया। स्वामी अवधेशानंद जी महाराज ने क़ुतुब फातेमी एवं अन्य को बताया कि कुछ समय बाद हरिद्वार में मीनी कुम्भ का आयोजन होने वाला है उसके पश्चात नासिक में कुंभ तथा उज्जैन में सिंहस्थ होगा। उज्जैन के लाड़ले एवं म.प्र. शासन के मुख्यमंत्री डॉ मोहनजी यादव के द्वारा किये जा रहे विकास कार्यों की प्रशनसा की। यह जानकारी खोजें भाई ने दी।

# नारी सब कुछ भूल सकती है, लेकिन अपमान नहीं : चिटनिस




**उज्जैन।** नारी शक्ति वंदन अधिनियम-2023 को लागू करने में रोड़ा अटकाकर कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, टीएमसी व डीएमके जैसे राजनीतिक दलों ने बहनों के अधिकारों पर डाका डाला है। कांग्रेस, समाजवादी पार्टी सहित विपक्षी दलों के मंसूबे कभी पूरे नहीं होंगे। महिलाएं सब कुछ भूल सकती है, लेकिन अपना अपमान नहीं भूल सकतीं।

ये बातें प्रदेश प्रवक्ता पूर्व मंत्री अर्चना चिटनिस ने स्थानीय होटल में आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि हाल ही में लोकसभा में नारी शक्ति वंदन अधिनियम को प्रभावी बनाने वाले संविधान संशोधन विधेयक को लेकर जो घटनाक्रम हुआ, वह केवल एक संसदीय प्रक्रिया नहीं, बल्कि देश की आधी आबादी के अधिकारों से जुड़ा अत्यंत गंभीर विषय है। पत्रकार वार्ता में विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, महापौर मुकेश टटवाल, निगम सभापति कलावती यादव, संजय अग्रवाल, दिनेश जाटवा विशेष रूप से मौजूद रहे।

# 250 से अधिक वर्षीतप आराधकों का पारणा



**उज्जैन।** उज्जैन की पवित्र पावन धरा पर, पांच से अधिक राज्यों से करीब 250 से अधिक तपस्वी अपने 13 माह की कठिन तपस्या वर्षीतप का पारणा करने श्री सोभाग्य सूर्य अणु जिनेन्द्र वाटिका में आचार्य उमेश मुनि अणु के सुशिष्य आगम विशारद बुद्ध पुत्र प्रवर्तक देव जिनेन्द्र मुनि के पावन सानिध्य में अपनी वर्षीतप आराधना को पारणे (इशु रस )को ग्रहण कर पूर्ण किया।

आयोजन श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ नयापुरा उज्जैन के तत्वावधान में सम्पन्नं हुआ। मनोज मेहता ने बताया की जैन दर्शन में तप का अपना महत्व है। जिसमे वर्षीतप को काफी कठिन तपस्या माना जाता है। इस अवसर पर कनकमल सुनील संजय कांकरिया का बहुमान कर अभिनंदन पत्र भेट किया। अध्यक्षता उज्जैन उत्तर के विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा ने की। विशेष अतिथि सांसद अनिल फिरोजिया, उमेशनाथ महाराज, महापौर मुकेश टटवाल, नारायण यादव उपस्थित थे। संचालन मनीष चोपड़ा ने किया।

# जगोटी में स्कूली बस और बाइक भिड़ंत में तीन घायल

**उज्जैन। जिले में सड़क दुर्घटनाएं रुकने का नाम नहीं ले रही हैं। इनमें ज्यादातर घटनाएं तो नियमों का पालन नहीं करने के चलते होती हैं। इसी क्रम में मंगलवार सुबह आगर रोड पर घट्टिया तहसील में जगोटी फंटे पर बाइक सवार तीन लोगों की स्कूली बस से भिड़ंत हो गई। दुर्घटना में तीनों गंभीर घायल हो गए जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया है। बस में स्कूली बच्चे सवार थे जो पूरी तरह से सुरक्षित हैं।**

घट्टिया थाना क्षेत्र के जगोटी फंटा पर सुबह स्कूली बस और बाइक में हुई भिड़ंत में मोहन नगर के रहने वाले कैलाश सिंह उनकी पत्नी सीमा बाई और छोटा भाई मांगीलाल घायल हुआ है। बताया जा रहा है कि भिड़ंत के बाद बाइक पर सवार तीनों बस के नीचे फंस गए। जिन्हें मौके पर मौजूद पुलिस कर्मी दीपक यादव ने तत्काल बाहर निकाला और एंबुलेंस बुलाकर उन्हें उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। दुर्घटना की जानकारी लगने पर घायलों के परिजन अस्पताल पहुंच गए थे उन्होंने बताया कि सुबह बाइक से अगर जाने के लिए निकले थे। दुर्घटना के दौरान बस में कार्मल स्कूल के बच्चे सवार थे, जो पूरी तरह से सुरक्षित है। मामले में पुलिस द्वारा जांच की बात कही गई है। दुर्घटना के बाद बस को स्कूल के लिए रवाना कर दिया गया था।

# करौंदिया में रात 3 तक चला रेस्क्यू, दोनों छात्रों के निकाले शव

- 50 फीट खदान में डूबे थे, 7 दोस्तों के साथ गए थे नहाने

**उज्जैन। पानी से भरी खदान में 9 छात्र नहाने के लिए पहुंचे थे। गहराई में जाने पर दो छात्र डूब गए थे। दोस्तों की सूचना पर पुलिस और एसडीआरएफ टीम पहुंची थी। सोमवार मंगलवार रात 3.15 बजे तक चले रेस्क्यू के दौरान दोनों छात्रों के शव 50 से 55 फीट की गहराई से बाहर निकाल लिए गए।**

नागझिरी थाना पुलिस को सोमवार शाम 4.30 बजे के लगभग सूचना मिली थी कि ग्राम करौंदिया स्थित खदान में दो छात्र डूब गए हैं। 9 छात्र नहाने के लिए पहुंचे थे सात किनारे पर ही थे जो बाहर आ गए हैं। दो छात्रों के डूबने की सूचना पर पुलिस करौंदिया पहुंची थी। दोनों को बाहर निकालने के लिए होमगार्ड एसडीआरएफ टीम को बुलाया गया था। शाम 5 बजे के लगभग रेस्क्यू की शुरुआत हुई। लेकिन खदान की गहराई अधिक होने पर एसडीआरएफ जवानों को परेशानी का सामना करना पड़ा। गहराई में छात्रों का पता लगाने के लिए अंडर वॉटर कैमरा मंगवाया गया। इस दौरान सामने आया कि दोनों छात्र करीब 50 से 55 फीट गहराई में डूबे हैं। दोनों के शव बाहर निकालने के लिए डीप डायवर्स बुलाए गए। रात 10.15 बजे के लगभग एक छात्र शुभम पिता किरण जाटव का शव निकाल लिया गया।





दूसरे के शव को निकालने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे थे। रेस्क्यू ऑपरेशन अंधेरा होने पर भी नहीं रोका गया। रात 3.15 बजे के लगभग दूसरे छात्र अनस पिता हमीद खान का शव भी एसडीआरएफ जवानों ने बाहर निकाल लिया। अनस अशोक नगर का रहने वाला था, शुभम किशनपुरा का निवासी था। मंगलवार सुबह पुलिस ने दोनों छात्रों के पोस्टमार्टम करवाए। इस दौरान सामने आया कि शुभम परिवार का एकलौता पुत्र था। पिता पेंटरी का काम करते हैं। अनस की तीन बहनें और एक भाई है। पिता ड्रायवरी करते हैं। पोस्टमार्टम के बाद दोनों के शव परिजनों को सौंपे गए हैं।

### 2 दिन पहले भी खदान पर गए थे सभी

बताया जा रहा है कि शुभम और अनस अपने 7 दोस्तों के साथ ई-रिक्शा में सवार होकर करौंदिया स्थित खदान नहाने पहुंचे थे। घर से कोचिंग पर जाने का बोलकर निकले थे लेकिन खदान पर पहुंच गए थे। सभी छात्र दो दिन पहले भी करौंदिया खदान पहुंचे थे जहां उन्होंने फोटोग्राफी कर रील भी बनाई थी। गर्मी का मौसम होने पर दोबारा नहाने के लिए शहर से दूर करौंदिया खदान पहुंच गए थे। सीएसपी श्वेता गुप्ता के अनुसार दोनों छात्रों के शव मिलने के बाद उनके दोस्तों से पूछताछ की जाएगी।

# उज्जैन में 5 दिवसीय नि :शुल्क आयुर्वेद शिविर शुरू

**नाड़ी देखकर पहचान रहे रोग**

**उज्जैन।** आधुनिक जीवनशैली और भागदौड़ भरी जिंदगी में उत्पन्न होने वाली गंभीर और असाध्य बीमारियों के उपचार के लिए शहर में 5 दिवसीय नि:शुल्क आयुर्वेद शिविर 20 तारीख से शुरू हो गया है। जाने-माने आयुर्वेद विशेषज्ञ और नाड़ी वैद्य संतोष आनंद जायसवाल 24 तारीख तक उज्जैन निवासियों और श्रद्धालुओं के लिए इस शिविर में अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

यह नि:शुल्क शिविर क्षीरसागर स्थित प्रकाश टॉकीज की गली में मौजूद जायसवाल धर्मशाला में लगाया गया है। इस शिविर की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि वैद्य जायसवाल बिना बताए केवल नाड़ी देखकर मरीजों को उनका रोग बता रहे हैं और शुद्ध शिलाजीत व आयुर्वेदिक जड़ी-बूटियों के माध्यम से उनका सफल उपचार कर रहे हैं।



### इन गंभीर बीमारियों का हो रहा इलाज

.शिविर में मुख्य रूप से लीवर व किडनी की समस्या, मानसिक रोग, थायराइड, स्नायुशूल, पीलिया, हृदय रोग, हाई बीपी, अल्सर, टीबी, क्षयरोग, प्रोस्टेट, गैंग्रीन, चर्म रोग, मोटापा, संतानहीनता, हाथीपांव, कैंसर, मिर्गी, साइनस, माइग्रेन, दमा, भगंदर, बवासीर, पथरी, साइटिका, लकवा, गठिया, जोड़ों का दर्द और विभिन्न गुप्त रोगों का इलाज किया जा रहा है।

**प्रदेश भर में दे चुके हैं सेवाएं**

उल्लेखनीय है कि वैद्य संतोष आनंद जायसवाल इससे पूर्व भी लगातार उज्जैन के महाकाल वन मेले के साथ-साथ भोपाल, इंदौर, जबलपुर और ग्वालियर के वन मेलों में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। वैद्य जायसवाल ने महाकाल की नगरी में आने वाले श्रद्धालुओं और नगरवासियों से इस नि:शुल्क शिविर का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की है।

# पुरस्कार राशि नहीं मिलने पर सौंपा ज्ञापन

- तैराकी प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ी को घोषित नहीं दिया

**उज्जैन।** शहर में हाल ही में आयोजित तैराकी प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ी को घोषित पुरस्कार राशि अब तक नहीं मिलने का मामला सामने आया है। तैराक शिवोहम तिवारी ने कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर न्याय की मांग की है। शिवोहम तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि 19 मार्च 2026 को उज्जैन में अंतरराष्ट्रीय स्विमिंग पूल का लोकार्पण एवं उद्घाटन मुख्यमंत्री ने किया था। इस अवसर पर आयोजित तैराकी प्रतियोगिता में शिवोहम तिवारी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया था। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने विजेता प्रतिभागियों को 51-51 हजार रुपये की पुरस्कार राशि देने की घोषणा भी की थी। हालांकि, प्रतियोगिता के लगभग एक माह बीत जाने के बाद भी संबंधित खिलाड़ियों को घोषित पुरस्कार राशि प्राप्त नहीं हुई है। इसको लेकर तिवारी ने प्रशासन का ध्यान आकर्षित करते हुए जल्द से जल्द राशि दिलाने की मांग की है। इस मौके पर विजेता खिलाड़ी शिवोहम तिवारी, आर्यन राजपूत, समर्थ गेहलोत, जैस्मिन हुसैन, कनिष्का तिवारी एवं जुनैना हुसैन उपस्थित रहे।

# शिविर : बालिकाओं ने सीखे आत्मरक्षा के गुर

- डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम
- विश्वविद्यालय की पहल

**उज्जैन।** नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा के तहत डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम विश्वविद्यालय इंदौर द्वारा गोद लिए गए ग्राम बिज्जुखेड़ी में ग्रामीण महिलाओं और बालिकाओं के लिए स्वास्थ्य एवं आत्मरक्षा शिविर लगाया गया। स्थानीय आंगनवाड़ी केंद्र पर आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं और बालिकाओं ने उत्साह के साथ भाग लिया। स्वास्थ्य शिविर के दौरान महिलाओं की जांच कर उन्हें आवश्यक चिकित्सीय परामर्श व मार्गदर्शन दिया गया। शिविर में पहुंची महिलाओं ने इस पहल की सराहना करते हुए गांव में समय-समय पर ऐसे आयोजन करने की बात कही। इसके साथ ही, बालिकाओं को अपनी सुरक्षा के लिए आत्मरक्षा के विभिन्न महत्वपूर्ण कौशल सिखाए गए।




### आंगनवाड़ी कार्यकर्ता का विशेष योगदान रहा

यह संपूर्ण आयोजन विश्वविद्यालय की कुलगुरु डॉ. दीपिका पाठक के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय की ओर से योगेश कुमार कैलोत्रा, डॉ. चंद्रपाल सिंह सेंधालकर, डॉ. आयुषी बढ़वानिया और होमियोपैथी कॉलेज के अंतिम वर्ष के छात्र-छात्राओं ने अपनी सेवाएं दीं। शिविर को सफल बनाने में डॉ. रेवती गुप्ता के साथ ही स्थानीय आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका का विशेष योगदान रहा।

**महाकाल में अभिनेता** | अभिनेत्री शुभांगी दत्त और गायक निंजा ने भी दर्शन कर लिया आशीर्वाद

# अभिनेता अनुपम खेर उज्जैन आए, महाकाल की आरती में शामिल हुए

**उज्जैन।** फिल्म अभिनेता अनुपम खेर मंगलवार को उज्जैन आए। उन्होंने महाकाल के दर्शन किए। वे भोग आरती में शामिल हुए। गर्भगृह के बाहर से आशीर्वाद लिया फिर नंदी हाल में नंदी जी का पूजन किया। अनुपम खेर कर पूजन पुजारी आकाश शर्मा, जितेंद्र शर्मा ने संपन्न कराया। उनके शुभांगी दत्त और पंजाबी गायक अमित भल्ला भी महाकाल के दरबार में आशीर्वाद लेने पहुंचे। अनुपम व शुभांगी सुबह मंदिर पहुंचे तो पंजाबी सिंगर भल्ला तड़के 4 बजे भस्मारती में शामिल हुए। अनुपम खेर ने कहा कि मंदिर में आकर बहुत सुखद अनुभूति हुई है। बाबा महाकाल के दरबार में आते ही मन व आत्मा शुद्ध हो जाती है। अभिनेत्री शुभांगी ने कहा वह पहली बार महाकाल आई है उन्हें भी बहुत अच्छा लगा।




### सुबह महाभिषेक, प्रवचन व प्रसादी होगी

उज्जैन। भगवान श्री रामानुजाचार्य जी का जन्मोत्सव आज रामघाट मार्ग स्थित उज्जैन के प्रसिद्ध श्री रामानुज कोट आश्रम में धूमधाम से मनेगा। श्री रामानुज कोट के पीठाधीश्वर रंगनाथाचार्य महाराज एवं युवराज स्वामी डॉ. माधव प्रपन्नाचार्य महाराज के सानिध्य में परंपरागत रूप चल समारोह निकाला जाएगा। पं. आत्माराम शर्मा ने बताया कि सुबह 8 से 10 बजे तक विद्वान आचार्यों, पंडितों एवं बटुक ब्राह्मणों के द्वारा भगवान का महाभिषेक किया जाएगा। इसके पश्चात 10 सदोपहर 12 बजे तक संत-महापुरुषों के आशीर्वचन होंगे। दोपहर 12 बजे आरती की जाएगी व महाप्रसादी होगी।

### शंकराचार्य जयंती पर मंदिर में हुआ पूजन

**उज्जैन।** शंकराचार्य जयंती के अवसर पर ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर मंदिर में भी मंगलवार को सभा मंडप में स्थित प्राचीन शंकराचार्य मंदिर में पूजा किया गया। पुजारी घनश्याम शर्मा के आचार्यत्व में पूजन संपन्न हुआ। इस अवसर पर भगवान शंकराचार्य जी का प्रात : काल मंत्र के साथ अभिषेक, पूजन किया गया। भगवान का श्रृंगार भी हुआ। पुजारी संजय गुरु, आशीष गुरु ने बताया महाकाल मंदिर में शंकराचार्य जी का अति प्राचीन मंदिर है जहां वर्ष में एक बार शंकराचार्य जयंती पर धार्मिक अनुष्ठान किए जाते हैं।